# ज़बरदस्ती की शादी



## मेरी शादी, मेरी मर्ज़ी!

BRUXELLES POUVOIRS LOCAUX
BRUSSEL PLAATSELIJKE BESTUREN
SERVICE PUBLIC RÉGIONAL DE BRUXELLES
GEWESTELIJKE OVERHEIDSDIENST BRUSSEL

## क्या आप पसोपेश में हैं, शायद अकेली और हैरान हैं?

## क्या आपकी शादी की योजना बनाई जा रही है?

## क्या आपके सवाल हैं? समझ नहीं आ रहा कि आप क्या करें?



> *यह पुस्तिका औरतों की दृष्टि से लिखी गई है क्योंकि लड़कियां और नौजवान औरतें ज़बरदस्ती की शादी का मुख्य शिकार होती हैं। हालांकि, मर्दों और लैंगिक अल्पसंख्यकों को भी ज़बरदस्ती की शादी के लिए मजबूर किया जा सकता है। इसमें दी गई जानकारी सभी के लिए उपयोगी हो सकती है।*

# विषयसूची

I. अगर शादी करने के लिए आपपर दबाव डाला जा रहा है, तो आप क्या कर सकते/सकती हैं? 5

A. बेल्जियम में सिविल शादी ....................................................5

B. विदेश में शादी ..............................................................8

C. पहचान दस्तावेज़ ज़ब्त कर लिया जाना..........................................9

D. शादी के आधार पर निवास परमिट..............................................10

II. शादी.......................................................................15

III. ज़बरदस्ती की शादी ........................................................17

A. ज़बरदस्ती की शादी : एक तरह की लैंगिक हिंसा...................................20

B. ज़बरदस्ती की शादी के लिए दिए जाने वाले तर्क...................................22

C. ज़बरदस्ती की शादी के क्या परिणाम होते हैं? ..................................28

IV. संभावित शादी के पहले चेतावनी संकेत...........................................31

V. निष्कर्ष.....................................................................37

# 1.



# अगर शादी करने के लिए आपपर दबाव डाला जा रहा है, तो आप क्या कर सकते/सकती हैं?

## A. बेल्जियम में सिविल शादी

जो लोग शादी करना चाहते हैं उन्हें सिविल रजिस्ट्रार को **शादी की तारीख़ से कम से कम 14 दिन पहले** अपनी शादी की इच्छा बतानी होगी। शादी करने वाले जोड़े में से कोई भी व्यक्ति, माता-पिता में से कोई भी व्यक्ति, दादा-दादी, नाना-नानी (या उनसे पहले की पीढ़ी का) या किसी आनुषंगिक संबंधी द्वारा (भाई-बहन, चचेरे भाई-बहन आदि) अगर माता-पिता या दादा-दादी/नाना-नानी में से कोई भी जीवित न हो, **शादी के दिन तक शादी का विरोध कर सकता है**। [1] विरोध का कारण बताना ज़रूरी है।

जिस ज़िले में शादी की इच्छा की घोषणा की गई थी उस ज़िले के मेयर या सिविल रजिस्ट्रार की मौजूदगी में शादी संपन्न की जाती है। शादी घोषणा के 14 दिन से पहले या छह महीने के बाद नहीं होनी चाहिए।

उस मौक़े पर सिविल रजिस्ट्रार प्रत्येक भागीदार से पूछते हैं कि ***वे दूसरे व्यक्ति को अपने पति/पत्नी के रूप में स्वीकार करते हैं या नहीं।*** इसके बाद रजिस्ट्रार शादी का सर्टिफ़िकेट बनाते हैं और शादी की पुस्तिका देते हैं जिसमें पैदा होने वाले बच्चों और अगर शादी के धार्मिक समारोह होते हैं, तो उस पैरिश की जानकारी जैसी चीज़ों का रिकॉर्ड रखा जाएगा। अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट *Belgium.be* पर जाएं।[2]

मेयर, सिविल रजिस्ट्रार और रजिस्ट्री के अधिकारी जानते हैं कि शादियां ज़बरदस्ती कराई जा सकती हैं और कराई जाती हैं। चूंकि ज़बरदस्ती शादी कराना ग़ैरकानूनी

---

1 *https://www.actualitesdroitbelge.be/droit-de-la-famille/mariage/le-mariage/la-celebration-du-mariage*

2 *https://www.belgium.be/en/family/marriage/formalities*

होता है इसलिए वे शादी करने वाले जोड़े में से किसी एक या दोनों की मर्ज़ी न होने के संकेतों पर नज़र रखेंगे और उसे रोकने में सक्षम होंगे।

## शादी की इच्छा की घोषणा करते समय :

इसकी संभावना है कि आपके साथ कोई होगा, इसलिए सबसे अच्छा होगा कि आप रजिस्ट्री के किसी व्यक्ति से अकेले में समस्या बताने का रास्ता ढूंढें। रजिस्ट्री शादी में कोई अड़चन खड़ी कर सकती है, जैसे कि ऐन मौक़े पर किसी काग़ज़ात की जांच करके उसे अमान्य क़रार देना या ऐसी ही कोई अन्य चीज़ करके।

अगर आप रजिस्ट्री के किसी अधिकारी से अकेले में बात नहीं कर पाती हैं, तो आपको अपने हाव-भाव से शादी का विरोध जताना चाहिए : मुस्कराएं नहीं, सिर नीचे झुकाए रखें, आंख न मिलाएं। ज़बरदस्ती की संभावना के प्रति ध्यान खींचने के कई संकेत होते हैं। आप किसी को घूरकर देख सकती हैं, सिर हिलाकर इशारा कर सकती हैं या हाथ से गोपनीय ढंग से इशारे करके अपनी बात किसी को बता सकती हैं।

## घोषणा करने के दिन से शादी के वास्तविक दिन के दरम्यान :

आप 14 दिन में अकेले रजिस्ट्री आकर शादी का विरोध कर सकती हैं।

## शादी के दौरान :

आपके इर्द-गिर्द लोग रहते हैं और इसलिए उस समय कोई क़दम उठा पाना ज़्यादा मुश्क़िल हो सकता है लेकिन फिर भी आप शपथ ग्रहण होने तक शादी का विरोध कर सकती हैं।

## शादी के बाद :

आप शादी अमान्य करने का आवेदन कर सकती हैं अगर शादी से बेल्जियम के क़ानून का उल्लंघन हुआ हो।

यह तलाक़ से अलग होता है और इसमें शादी के सभी आधिकारिक सुराग़ मिटा दिए जाते हैं, ऐसे जैसे कि शादी कभी हुई ही न हो।

हालाँकि, अमान्य किए जाने के लिए आपको पूरी तरह साबित करना होगा कि शादी ज़बरदस्ती करवाई गई थी (सभी प्रमाण, दस्तावेज़, ईमेल, SMS, तस्वीरें आदि रखना ज़रूरी है)। यह काफ़ी दुरूह कानूनी प्रक्रिया होती है लेकिन आपको सहायता प्रदान की जा सकती है।



## B. विदेश में शादी

**क्या आपका परिवार विदेश जाने की योजना बना रहा है और आपको डर है कि शादी करने के लिए आपके साथ ज़बरदस्ती की जाएगी?**

विशेष सहायक एजेंसी से अपने डर के बारे में बताएं (उनके संपर्क विवरण पृष्ठ 10 पर दिए गए हैं)। किसी परिचित और भरोसेमंद व्यक्ति से भी आपको बेल्जियम वापस न आ पाने की अपनी चिंता के बारे में बात करनी चाहिए।

आप और वे यह फ़ैसला कर सकते हैं कि किसी नियत तारीख़ तक आपके न लौटने की स्थिति में वे अधिकारियों से संपर्क करें।

**महत्वपूर्ण**: उन्हें निम्नलिखित से संबंधित दस्तावेज़ों, पहचान संबंधी काग़ज़ात और अन्य जानकारियों की प्रति भी दें:

> यात्रा: प्रस्थान और आगमन की तारीख़, समय, फ़्लाइट नंबर, टिकट नंबर आदि;

> प्रवास: पता – आपके साथ यात्रा कर रहे लोग और वहाँ रह रहे लोग जो परिचित हैं (प्रथम नाम, कुलनाम, पता आदि);

> कोई समारोह/आयोजन जिसकी योजना बनाई गई है: तारीख़ और जगह;

> नज़दीकी दोस्त और रिश्तेदार: बेल्जियम में रहने वालों के संपर्क विवरण।

## C. पहचान दस्तावेज़ ज़ब्त कर लिया जाना

**आप विदेश में हैं और आपके काग़ज़ ज़ब्त कर लिए जाते हैं:**

> अगर आप बेल्जियम के नागरिक हैं, तो नज़दीकी बेल्जियम दूतावास/वाणिज्य दूतावास से संपर्क करें।[3] वे आपको लासेज़-पासर. (अभयपत्र) प्रदान कर सकते हैं जिसके द्वारा आप बेल्जियम वापस लौट सकते/सकती हैं। उनका पता और टेलीफ़ोन नंबर खोजकर याद कर लें (आप जिस देश में हैं उसके अनुसार)।;

> अगर आप बेल्जियम के नागरिक नहीं हैं, तो आपको पुलिस के पास दस्तावेज़ों की चोरी/गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए। आपको बेल्जियम के अपने स्थानीय ज़िले से भी संपर्क करना चाहिए और उनसे आप जिस देश में हैं वहाँ के बेल्जियम दूतावास/वाणिज्य दूतावास को आपके लिए निवास का सर्टिफ़िकेट भेजने के लिए कहना चाहिए। आप बेल्जियम दूतावास/वाणिज्य दूतावास से एक नए राष्ट्रीय पासपोर्ट या रिटर्न वीज़ा के लिए भी अनुरोध कर सकते हैं। उनका पता और टेलीफ़ोन नंबर खोजकर याद कर लें (आप जिस देश में हैं उसके अनुसार)।

---

3 *https://diplomatie.belgium.be/fr/Services/Ambassades_et_consulats/ambassades_et_consulats_belges_a_l_etranger*

## D. शादी के आधार पर निवास परमिट

**अगर आपका निवासी परमिट आपकी शादी पर आधारित है,** तो आपको एक विशेष सहायता संस्था से संपर्क करना होगा जो सभी संभव समाधानों के बारे में आपसे चर्चा कर सकता है। उनके पते नीचे दिए गए हैं:

**!**

**ये सभी सेवाएं मुफ़्त और गोपनीय हैं**



***Réseau Mariage et Migration [विवाह और प्रवासन नेटवर्क]***

Rue de l'Alliance 20
1210 Brussels
02/241.91.45
info@mariagemigration.org
http://www.mariagemigration.org/

—

***La Voix Des Femmes [महिलाओं की आवाज़]***

Rue de l'Alliance 20
1210 Saint-Josse
02/218.77.87
lvdf@lavoixdesfemmes.org
https://lavoixdesfemmes.org/

—

***EXIL [एक्ज़ाइल]***

Avenue de la Couronne 282
1050 Brussels
02/534.53.30 - info@exil.be
https://www.guidesocial.be/exilasbl/

—

***पुलिस : ज़बरन शादी इकाई***

02/249.25.33
cmfzonebruno@gmail.com

***Planning Marolles***

Rue de la Roue 21
1000 Brussels
02/511.29.90
planningmarolles@skynet.be
http://planningmarolles.be/index.php/fr/

—

**अगर आपका जननांग भंग किया गया है या होने का जोखिम है:**

***GAMS Belgium***

Rue Gabrielle Petit 6
1080 Molenbeek-Saint-Jean
02/219.43.40
info@gams.be
http://gams.be/

—

***Intact ASBL***

Rue des Palais 154
1030 Brussels
02/539.02.04
contact@intact-association.org
https://www.intact-association.org/

यदि आपके साथ दुर्व्यवहार हुआ है या होने का जोखिम है:

***Centre de Prévention des Violences Conjugales et Familiales [दांपत्य और पारिवारिक दुर्व्यवहार की रोकथाम के लिए केंद्र]***
Boulevard de l'Abattoir 27-28
1000 Brussels
02/539.27.44
violences.familiales@misc.irisnet.be
https://www.ecouteviolencesconjugales.be/

—

**Centre de Prise en charge des Violences Sexuelles [यौन दुर्व्हार पीड़ितों के लिए केंद्र]**

***CHU Saint-Pierre***
Rue Haute 322
1000 Brussels
02/535.47.14 - 02/535.45.42
CPVS@stpierre-bru.be
Open 24/7
https://www.stpierre-bru.be/fr/services-medicaux/gynecologie-obstetrique/320-rue-haute-1/centre-de-prise-en-charge-des-violences-sexuelles-1

**नाबालिगों के लिए :**
**SOS enfants-ULB (SOS children-ULB)**

***CHU Saint-Pierre***
Rue Haute 322
1000 Brussels
02/535.34.25
sosulb@ulb.ac.be
https://sos-enfants.ulb.ac.be/

**हेल्पलाइन (फ्रीफ़ोन) :**

| | | |
|---|---|---|
| ***Réseau Mariage et Migration :*** | 0800/90.901 | |
| MONDAY, TUESDAY, FRIDAY 10AM-4PM | | |
| WEDNESDAY, THURSDAY 10AM-1PM | | |
| *पति/पत्नी द्वारा दुर्व्यवहार संबंधी हेल्पलाइन:* | 0800/30.030 | (दिन–रात खुला) |
| *बच्चों के लिए हेल्पलाइन:* | 103 | (दिन–रात खुला) |
| *सामान्य हेल्पलाइन:* | 107 | (दिन–रात खुला) |
| *नौजवानों के लिए हेल्पलाइन:* | 078/15.44.22 | (दिन–रात खुला) |

**आपातकालीन नंबर (फ्रीफ़ोन) :**

| | |
|---|---|
| *पुलिस:* | 101 बेल्जियम में आपातस्थिति होने पर। |
| *आपातकालीन सेवाएँ:* | 112 आपातकालीन स्थिति में या आक्रमण किए जाने पर, पूरे यूरोप में उपयोग के लिए।<br>112 BE-App : स्मार्टफ़ोन ऐप। चैट उपलब्ध<br>https://www.112.be/fr/app |

**वेबसाइट**

http://monmariagemappartient.be
https://mariages-forces.be/le-mariage-force/
https://www.ecouteviolencesconjugales.be/
https://www.we-access.eu/fr (यूरोप–व्यापी लेकिन ब्रसेल्स में ज़ूम इन कर सकते हैं)

# II.



# शादी

**शादी एक मर्यादा का बंधन होता है जिसमें अलग-अलग लिंग वाले या समलिंगी जोड़े आपस में एक रिश्ता बनाते हैं। यह दो लोगों के बीच एक मज़बूत प्रतिबद्धता होती है और हमारे समाज में आज इसे प्यार और स्वेच्छा का पर्याय माना जाता है (अतीत में ऐसा बिल्कुल नहीं था)।**

बेल्जियम में, अगर दो लोग एक–दूसरे से शादी करना चाहते हैं, तो ज़रूरी है कि:

> वे कम से कम 18 वर्ष के हों;

> उनका आपस में संबंध न हो (भाई–बहन, चचेरे भाई–बहन आदि);

> वे अविवाहित हों (एक से अधिक व्यक्ति से वैवाहिक संबंध बनाना ग़ैरक़ानूनी है);

> उन्होंने *स्वेच्छा से और जानकारी के साथ सहमति* दी हो

सिविल शादी *बाध्यकारी* होती है और निवास जिस म्युनिसिपैलिटी में है वहीं होती है।

धार्मिक या पारंपरिक समारोह वैकल्पिक होता है और सिविल समारोह के बाद ही होना चाहिए लेकिन उसका ***कोई क़ानूनी प्रभाव नहीं होता।***

शादियां कई प्रकार की होती हैं: प्रेम विवाह, सुविधा के लिए की जाने वाली शादी (कोई लाभ जैसे कि दहेज़ पाने के लिए), झूठी शादी (एक पार्टनर सच्चा नहीं होता और नागरिकता पाने के लिए शादी करता है), धार्मिक या पारंपरिक शादी, परिवार द्वारा तय की गई शादी (निर्णय परिवार द्वारा लेकिन शादी करने वाले लोग सहमति या असहमति ज़ाहिर कर सकते हैं) या बाल विवाह (18 वर्ष का होने से पहले), ज़बरदस्ती शादी (अगर शादी कर रहे लोगों में से किसी एक ने स्वेच्छा से सहमति न दी हो)।

# III.



# ज़बरदस्ती की शादी

***उस शादी को […] शादी नहीं कहा जा सकता जो दोनों भावी दंपत्तियों में से किसी की स्वेच्छा के बिना की गई हो या जिसमें किसी भी एक की सहमति धमकाकर या हिंसा के द्वारा हासिल की गई हो।" (बेल्जियन सिविल कोड का अनुच्छेद 146B*)।**

सहमति का मतलब है अपनी स्वीकृति देना।

शादी की एक शर्त यह होती है कि कोई भी फ़ैसला करने से पहले सहमति जानकारी के साथ और स्वेच्छा से दी गई हो, "सभी ज़रूरी जानकारी उपलब्ध कराई गई हो और समझ ली गई हो और साथ ही मामले पर बिना किसी अन्य व्यक्ति के प्रभाव के सोचने का समय दिया गया हो" (एमनेस्टी युवा – 2020)।

सहमति के बगैर होने वाली शादी ज़बरदस्ती की शादी होती है; यह ग़ैरक़ानूनी है: *"किसी को ज़बरन शादी के लिए मजबूर करने वाला कोई भी व्यक्ति कम से कम तीन महीने और अधिक से अधिक पांच साल की क़ैद और €250 से €5,000 तक का आर्थिक दंड का भागी होगा। ऐसी कोशिश करने पर कम से कम दो महीने और अधिक से अधिक तीन साल की क़ैद और €125 से €2,500 तक के आर्थिक दंड की सज़ा निर्धारित है।"* [4]

4 बेल्जियन अपराध संहिता का अनु. 391 E

>> *क्या आपने वास्तव में सहमति दी है?* यहां कुछ सवाल दिए गए हैं जो जवाब देने में आपकी मदद करेंगे:

1. *क्या आपकी सहमति **स्वेच्छा** से दी गई थी? क्या आप स्वयं दूसरे व्यक्ति से शादी करना चाहती हैं?*

2. *क्या आपके माता-पिता या आपके भावी पति/पत्नी ने यह जांच की कि आपकी सहमति एकदम **स्पष्ट** थी या नहीं? **डर के कारण ना न कहना** हामी नहीं होती।*

3. *क्या आप पूरी तरह सहमति देने की स्थिति में थीं? क्या आपके पास सभी ज़रूरी जानकारी और बिना किसी तनाव या दबाव के उसपर विचार करने का समय था?*

4. *क्या हर क़दम पर अपनी सहमति देने का समय और अवसर आपको दिया गया था? किसी से मिलने के लिए सहमति देने का मतलब यह नहीं है कि आप उससे शादी के लिए सहमति दे रही हैं या आपको उससे शादी करनी होगी।*

5. *सहमति **वापस ली** जा सकती है – आप अपना मन बदल सकती हैं और अंत में **ना** कह सकती हैं।*

**ज़बरदस्ती की शादी में नौजवान औरत की सहमति को नज़रंदाज़ कर दिया जाता है।**

ऐसा मामला हो चुका है जिसमें लड़की या नौजवान औरत को लगता है कि वो सामान्य पारिवारिक मेल–जोल के आयोजन में आई है जबकि असल में वह *उसकी शादी* का समारोह होता है।

कुछ लड़कियों या नौजवान औरतों को पता भी नहीं होता कि उनकी शादी हो गई है – वे धमकी, ब्लैकमेल या उससे भी बदतर चीज़ें झेल चुकी होती हैं पर उनकी सहमति कभी ली ही नहीं जाती, **यह ज़बरदस्ती की शादी है।**



## A. ज़बरदस्ती की शादी : एक तरह की लैंगिक हिंसा

मर्दों की तुलना में औरतों पर ज़बरदस्ती की शादी अधिक थोपी जाती है जो दिखाता है कि यह एक तरह की ***लैंगिक हिंसा*** है।

किसी व्यक्ति के लिंग से तय होता है कि समाज उसके लिए क्या भूमिका, व्यवहार और सामाजिक संपर्क उचित समझता है (लिंग एक सामाजिक निर्मिति है)।

किसी व्यक्ति को लैंगिक हिंसा का सामना ख़ासतौर पर ***अपने लिंग*** (मर्द और औरत के बीच जीवविज्ञान संबंधी अंतर) और समाज में उसकी अपेक्षित भूमिका (***लिंग संबंधी रूढ़ियों***) के कारण करना पड़ता है।

लड़कियों से संबंधित कुछ रूढियाँ ये हैं कि वे सुंदर हों, आज्ञाकारी हों, दूसरों की देखभाल करें आदि। जबकि लड़कों से अपेक्षा की जाती है कि वे मज़बूत हों, कभी रोएं नहीं, चीज़ों के अपने क़ाबू में रखें...

### लड़कों और लड़कियों में फ़र्क़ क्यों?

जन्म के साथ ही समाज लड़कों और लड़कियों पर अलग-अलग भूमिकाएं आरोपित कर देता है; ऐसी भूमिकाएं जिनके अनुसार उन्हें खुद को ढालना होगा। औरतों और मर्दों के बीच ग़ैरबराबरी की शुरुआत यहीं से हो जाती है। यह एक ***शक्ति संबंध*** स्थापित करता है जो मर्द को औरत से ऊपर रखता है, इसे ***पितृसत्ता*** कहा जाता है।

आज भी, कुछ परिवारों और समाजों में औरतों और लड़कियों की स्थिति कमतर होती है और यह समझा ही नहीं जाता कि वे आज़ाद और आत्मनिर्भर हो सकती हैं। उन्हें मर्द की निगरानी में रहना होता है चाहे वह पिता हो या पति।

लैंगिक ग़ैरबराबरी का ही एक नतीजा होता है ज़बरदस्ती की शादी। लिंग के आधार पर अलग-अलग लोगों पर शादी का अलग-अलग प्रभाव पड़ता है: मर्द अपनी आज़ादी बनाए रखता है, शादी के बाहर संबंध बनाने पर उसके बारे में राय नहीं बनाई जाती, उसे यौन प्रताड़ना नहीं झेलनी पड़ती, उसे अनचाहे गर्भ का सामना नहीं करना पड़ता...

**हालांकि... आपके पास लड़कों के समान अधिकार हैं!**



## B. ज़बरदस्ती की शादी के लिए दिए जाने वाले तर्क[5]

ज़बरदस्ती की शादी करने वाले परिवार और समुदाय मुख्य तौर पर ऐसा अपने सामाजिक, सांस्कृतिक या आर्थिक संदर्भ के कारण करते हैं। हालांकि कभी-कभी उनकी भावना अच्छी होती है (बेटी की रक्षा या उसके भविष्य की सुरक्षा, पारिवारिक संबंध बनाए रखना आदि), इससे लड़की के विकास और परिपक्वता में बाधा पड़ती है। वयस्कता और स्वतंत्रता उनकी पहुँच से बाहर हो जाते हैं।

### अपनी जड़ों की रखवाली, परंपराओं या धर्म का सम्मान

प्रवासी समुदायों में कुछ परिवार अपनी संस्कृति या समूह के बीच ज़बरदस्ती की शादी को बाहरी दुनिया से अपने को बचाने और अपने मूल देश के साथ संबंध बनाए रखने के तरीक़े के रूप में देख सकते हैं। इस तरह, परिवार को लगता है कि वे पुराने देश की परंपराओं का पालन कर रहे हैं भले ही कभी-कभी इन परंपराओं पर उस मूल देश में सवाल खड़े किए जा रहे हों।

!

परंपराओं की रक्षा करने या नई पीढ़ियों को सौंप कर जाने की चाहत आपकी मर्ज़ी के बिना की जाने वाली शादी की हिंसा को सही नहीं ठहरा सकती!

5 स्रोत : कनाडा में ज़बरदस्ती की शादी पर रिपोर्ट : अगुवा दस्ते के कर्मचारियों के साक्षात्कार। मांट्रियल और टोरंटो में 2008 में संचालित खोजपरक शोध नइमा बेंद्रिस

## परिवारों के बीच संबंध स्थापित करना

ज़बरदस्ती की शादी अपने ही समुदाय के किसी दूसरे परिवार के साथ संबंध बनाने के वायदे को पूरा करने के लिए की जा सकती है।

माता–पिता के लिए यह शादी अपनी बेटी के लिए बेहतर ज़िंदगी सुनिश्चित करने का तरीक़ा हो सकती है या दो परिवारों के बीच सामुदायिक बंधनों को मज़बूत बनाने का ज़रिया हो सकती है।

अगर दंपत्ति के बीच किसी प्रकार का संबंध हो, तो इसका स्तेमाल संपत्ति को परिवार में बनाए रखने के लिए भी किया जा सकता है।

**भौतिक सुरक्षा सभी परिवारों की ज़रूरत होती है लेकिन यह आपके हितों और सम्मान की क़ीमत पर नहीं हासिल किया जाना चाहिए!**

## परिवार के सम्मान की रक्षा या सम्मान की बहाली

***सम्मान*** वह प्रतिष्ठा और आदरभाव होता है जो किसी समुदाय या समाज द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार आचरण करने पर किसी व्यक्ति को प्राप्त होता है। सम्मान को मर्यादा और इज़्ज़त से जोड़ा जाता है। इसके विपरीत है लज्ज़ा, अनादर, अवमान, आदि।

कुछ समुदायों में *आत्म सम्मान वाली* लड़की कहलाने के लिए कुछ नियमों का पालन करना ज़रूरी होता है: आज्ञाकारी होना, ख़ास तरह के कपड़े पहनना, लड़कों से दूर रहना, शादी की रात तक कुंआरी रहना, अच्छी बीवी और अच्छी मां बनना आदि।

अगर कोई औरत इन नियमों से भटकती है, तो इसे परिवार के लिए शर्मनाक समझा जा सकता है। फिर शादी का इस्तेमाल परिवार का सम्मान बनाए रखने या सम्मान वापस पाने के लिए किया जाता है।

*"उस कर्तव्य का निर्वाह न कर पाने से पारिवारिक बंधन का आधार कमज़ोर पड़ जाता है और एसा करने वाले व्यक्ति पर परिवार से निकाले जाने का जोखिम रहता है।"*[6]

यह आचरण ***सम्मान-संबंधी हिंसा*** की श्रेणी में आता है: परिवार की शर्मिंदगी का कारण समझे जाने वाले व्यक्ति के ख़िलाफ़ परिवार के एक या अधिक सदस्यों द्वारा किया जाने वाला हिंसात्मक व्यवहार जो कि आगे चलकर सामुदायिक रूप ले सकता है। यह हिंसा हत्या का कारण भी बन सकती है।

**उम्र और लिंग के परे जाकर हर व्यक्ति के साथ परस्पर सम्मान का व्यवहार करना, क्या किसी एक पर पूरे परिवार के सम्मान की ज़िम्मेदारी थोप देने से अधिक मर्यादित नहीं है?**

6 कनाडा में ज़बरदस्ती की शादी पर रिपोर्ट : अगुवा दस्ते के कर्मचारियों के साक्षात्कार। मांट्रियल और टोरंटो में 2008 में संचालित खोजपरक शोध नइमा बेंद्रिस पृ. 12

## शादी से बाहर गर्भ ठहरने की समस्या का समाधान

कुछ संस्कृतियों में नौजवान औरत के कुंआरेपन की अवधारणा पर बहुत ज़ोर दिया जाता है; इसे नौजवान औरत के सम्मान और पवित्रता और आगे बढ़कर परिवार और समुदाय के सम्मान और पवित्रता से जोड़कर देखा जाता है।

हालांकि, कुंआरेपन की चिंता केवल बेटियों के संबंध में की जाती है। यहां भी, लैंगिक रूढ़ियां और पुरुषों का प्रभुत्व हावी रहता है: शादी के बाहर अपना कुंआरापन गंवाने वाले बेटों पर समाज कोई तोहमत नहीं लगाता।

इसके नतीजे के तौर पर, परिवार की इज़्ज़त और प्रतिष्ठा वापस पाने के लिए माता-पिता शादी के बाहर गर्भ में आए बच्चे के पिता से ज़बरदस्ती शादी करने का दबाव अपनी बेटी पर डाल सकते हैं।

!

**अपना कुंआरापन गंवाना या बनाए रखना और गर्भधारण करना आपका अपना सरोकार है। इसके लिए आपके साथ शादी करने के लिए ज़बरदस्ती नहीं की जा सकती!**

## बेटी की यौन इच्छाएं नियंत्रित करना

शादी के बाहर गर्भ ठहरने या बेटी के कुंआरा न रह जाने के इस डर के कारण, कुछ माता–पिता बहुत छोटी उम्र में बेटियों की शादी कर देते हैं। माता–पिता द्वारा अपने सम्मान की रक्षा करने के मंतव्य से कराई जाने वाली इस शादी की बदौलत वे अपनी बेटी की यौन इच्छाओं को नियंत्रित करते हैं और उसपर पितृसत्ता का दबाव बनाए रखते हैं।

लैंगिक रूढ़ियों का एक पहलू यह होता है कि माता–पिता विश्वास नहीं कर पाते कि उनका बच्चा अपने लिंग से अलग लैंगिक पहचान (जैसे कि ट्रांसजेंडर व्यक्ति) को अपनाता है या ऐसी यौन अभिरुचि वाला है जो पूरी तरह उभयलिंगी नहीं है (जैसे कि, समलैंगिक या द्विलैंगिक)। ऐसी स्थिति में परिवार का सम्मान वापस पाने और "समलैंगिकता का इलाज़" करने के लिए ज़बरदस्ती की शादी कराई जा सकती है। "समलैंगिकता का इलाज़" असंभव है क्योंकि यह कोई बीमारी नहीं बल्कि समान लिंग वाले व्यक्ति के प्रति एक स्वाभाविक यौन और/या रूमानी आकर्षण है जिसे नियंत्रित नहीं किया जा सकता।

!

**आपके प्रेम संबंध, आपकी यौनिकता, आपकी यौन अभिरुचि...**
**ये आपका अपना मामला है!**

## ''नाबालिग'' बेटी की रक्षा

कुछ परिवारों और समुदायों में बेटियों को उनके पूरे जीवन भर बच्चा ही माना जाता है। उनकी सुरक्षा की जाती है और उनसे संबंधित फ़ैसले कोई और लेता है, *उनकी अपनी भलाई के लिए...*

शादी एक ज़रिया होता है कि वे अपनी वेटी को सुरक्षित परिवेश दे सकें, ख़ासकर जब पति उसी परिवार या समुदाय का हो।

इसके बावजूद, माता-पिता अपनी चिंताओं से विवश होकर ख़ुद ही अपनी बेटी के विकास में बाधक बनते हैं और उसे ख़ुद अपनी देखभाल करना सीखने के एक ज़रिए से वंचित करते हैं।

**!**

**अगर अपने लिए ख़ुद फ़ैसला लेने का मौक़ा मिले, तो अपनी देखभाल करने में आप उतनी ही सक्षम हैं जितने कि लड़के**



## C. ज़बरदस्ती की शादी के क्या परिणाम होते हैं?

ज़बरदस्ती की शादी व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर ग़लत प्रभाव डाल सकती है, जैसे कि[7] :

### शादी से पहले

**परिवार और समाज का दबाव**

**अधिक निगरानी और नियंत्रण**

**ब्लैकमेल, डराना-धमकाना, अपमान**

**पाबंदियां**
(बाहर जाने, मोबाइल, धन, भोजन, पहचान के काग़ज़ पर, क़ैद करना आदि)

**स्कूल जाने से रोकना**


**अलग करके रखना, अकेलापन**

**हर प्रकार की हिंसा**
(मौखिक, शारीरिक, मानसिक आदि)

**कुंआरापन साबित करने के लिए** योनिच्छद को सुधारने की प्रक्रियाएं जिनसे सेहत संबंधी समस्याएं, संक्रमण की संभावना हो सकती है, यौनिकता पर प्रभाव पड़ सकता है...

**अनिश्चितता की अवस्था, निष्ठा, आंतरिक टकराव, धोखे का अहसास, असंतुलन, स्वयं को खो देना, आत्म विश्वास की कमी और दूसरों पर भरोसा न रह जाना**

7 स्रोत: *GAMS Belgique, Mariage forcé et asile – Fiche spécifique 2, GBV & Asylum – Learn & act, Bruxelles, 2019.*



## शादी के बाद

**ज़बरदस्ती और असुरक्षित यौन संबंध (जैसे कि बलात्कार): -**
अनचाहा गर्भ

**हर प्रकार की हिंसा**
(मौखिक, शारीरिक, मानसिक आदि)

**अधिक निगरानी और नियंत्रण**

**स्कूल/ट्रेनिंग/काम छोड़ने पर मजबूर करना –**
बच्चों, घर के काम, ससुराल वालों की देखभाल करने के लिए

**आज़ादी न रहना, सामाजिक और आर्थिक स्वतंत्रता न रह जाना**

**खान-पान संबंधी परेशानियां, नींद संबंधी समस्याएं**

**शर्म महसूस करना, आत्म सम्मान और आत्मविश्वास की कमी, ख़ुद से नाराज़गी, चिंता**

**दुख, ख़ुद को काटना, आत्महत्या के विचार**

# IV.



# संभावित शादी के पहले चेतावनी संकेत

**किशोर होने के बाद से हो सकता है कि आपका ध्यान ऐसी चीज़ों पर जाए जो छोटी लग सकती हैं लेकिन वास्तव में जिनसे आपको सतर्क हो जाना चाहिए:**

> आपके किसी अन्य संस्कृति/धर्म के व्यक्ति के साथ संबंध हैं। आपके माता-पिता इसे पसंद नहीं करते साथ ही आपके विचारों और पहनावे के ढंग को वे पसंद नहीं करते;

> आपके पुरुष साथी हैं और आपके माता-पिता को चिंता होती है कि ''पड़ोसी क्या कहेंगे'';

> आपका परिवार आपके बाहर जाने और आपके लोगों से मिलने-जुलने को नियंत्रित करता है, ख़ासकर अगर लड़कों की बात हो – और अब कोई न कोई आपके साथ मौजूद रहता है;

> आपका परिवार आपसे ऐसे पुरुषों के बारे में बात करता है और उनकी तस्वीरें दिखाता है जिनसे वे चाहते हैं कि आप मिलें या वे आपकी तस्वीर उन्हें दिखाना चाहते हैं, आदि;

> आपकी किसी बहन या चचेरी बहन की इस तरह शादी हुई थी, हो सकता है कि आप शादी में गई भी हों;

> आपका परिवार आपके या आपके माता-पिता के गृह देश छुट्टियां मनाने जाने की योजना बना रहा है। आप जाना चाहती हैं लेकिन साथ ही ऐसा लगता है कि वे आपसे कुछ छिपा रहे हैं। वे किसी समारोह की बात करते हैं लेकिन आप नहीं जानतीं क्यों और किसके लिए;

> आपका मोबाइल या कंप्यूटर आपसे लिया जा सकता है जिससे कि परिवार के बाहर के लोगों से बात करनी आपके लिए मुश्क़िल हो जाए;

> आपका परिवार कुछ ख़ास दोस्तों से मिलने से आपको मना करता है "जो आपके लिए ठीक नहीं हैं", आप स्कूल द्वारा आयोजित दौरों पर बाहर नहीं जा सकतीं या आप स्कूल ही नहीं जा सकतीं;

> आपका परिवार बुहत ज़ोर देता है कि शादी आपके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उनके प्रति आपके प्यार और आपकी निष्ठा को शादी से मना करने से रोकने के लिए किया जा सकता;

> शादी करने से मना करने पर रिश्तेदार आपको धमकी देते हैं और /या आपकी पिटाई लगाते हैं (बाहर निकलने पर पाबंदी, फ़ोन ले लिया जाना, भोजन और आज़ादी से वंचित किया जाना, दुर्व्यवहार, बंद करके रखा जाना आदि);

> दुर्वयवहार शारीरिक (तमाचे, घूँसे आदि), मनोवैज्ञानिक (दबाव, भावनात्मक ब्लैकमेल), मौखिक (चिल्लाना, अपमान...) और यहाँ तक कि भौतिक और प्रशासनिक (जेबख़र्च न देना, मोबाइल और/या पहचान के काग़ज़ ले लेना) भी हो सकता है;

एक ही समय पर आपके साथ कई तरह के दुर्व्यवहार किए जा सकते हैं।

!

**सभी मामलों में, अगर आपको कोई संदेह है, तो इसका मतलब है कि कहीं कोई गड़बड़ है। आपको तेज़ी से क़दम उठाना होगा क्योंकि ज़बरदस्ती कराई गई शादी के आपके लिए गंभीर दुष्परिणाम होंगे!**

ज़बरदस्ती शादी कराने की किसी योजना से सामना होने पर यह सामान्य बात है कि आप खोई हुई और डरी हुई महसूस करें, आपको कोई रास्ता न सूझ रहा हो। इससे बढ़कर, अपने परिवार की इच्छा के ख़िलाफ़ जाना बहुत कठिन होता है : माता-पिता के लिए आपका प्यार और रक्त संबंध बहुत शक्तिशाली होते हैं। इसके अलावा अज्ञात की ओर क़दम बढ़ाना और अपने जीवन की बागडोर अपने हाथों में लेने के लिए ज़रूरी ताक़त और साहस ढूंढना बहुत डरावना होता है।

लेकिन उस रास्ते को छोड़कर ज़बरदस्ती कराई गई शादी में जाने से बचने के लिए ऐसे जोखिम उठाने ज़रूरी हैं क्योंकि ऊपर बताए गए गंभीर दुष्परिणामों से बचना सबसे महत्वपूर्ण है।

!

**पहली चीज़ यह है कि आप कोई क़दम उठाएं, अकेले न रहें और अपने परिवार के बाहर के किसी व्यक्ति से बात करें। फिर, किसी विशेष सहायता संस्था (संपर्क विवरण पृष्ठ 10 पर) से जितनी जल्दी हो सके संपर्क करें।**

इन संस्थाओं के पास पेशेवर टीम होती है जो युवा लड़कियों और महिलाओं को मनोवैज्ञानिक, क़ानूनी, सामाजिक और अन्य सहायता **मुफ़्त** प्रदान कर सकती हैं।

सहायता मांगना आसान नहीं होता, ख़ासकर तब जब हमें मालूम न हो कि ये पेशेवर सहायक कैसे काम करते हैं। पर आश्वस्त रहें कि सहायक सेवा के साथ होने वाली:

> हर मुलाक़ात आपके माता-पिता और परिवार से गोपनीय रखी जाएगी और आपके द्वारा बताई गई बातें उन्हें नहीं बताई जाएँगी। टीम पेशेवर गोपनीयता के दायित्व से बँधी होती है और आपके द्वारा कही गई कोई भी बात आपके परिवार को नहीं बताएगी;

> हर मुलाक़ात पर आप किसी भरोसेमंद व्यक्ति को अपने साथ ला सकते हैं (शिक्षक, दोस्त, आपके स्कूल के मनो-चिकित्सा-सामाजिक केंद्र का कोई सदस्य आदि);

> हर मुलाक़ात पर बिना किसी पूर्वाग्रह के आपका स्वागत किया जाएगा। टीम आपकी सहायता के लिए है और वह आपकी इच्छा का सम्मान करते हुए आपके डर और आपकी ज़रुरतों के बारे में आपके लिए सुविधाजनक समय पर आपकी बात सुनेगी।

> आपकी स्थिति के अनुसार आपके अगले क़दमों के बारे में आपका मार्गदर्शन किया जाएगा और आपकी सहायता की जाएगी, जैसे कि, आपके अधिकारों के प्रयोग के लिए क़ानूनी सहायता या आर्थिक मदद या आवास के लिए अनुरोध करना;

> आपातस्थिति में, आपके लिए जब तक लंबे समय के लिए आवास की व्यवस्था नहीं हो जाती तब तक आपको सुरक्षित आवास में रखा जा सकता है। आपकी सुरक्षा के लिए यह पता गोपनीय रखा जाएगा।

यह ज़रूरी है कि सेवा से मुलाकात करने के लिए आते समय आप *अपने सभी पहचान दस्तावेज़ों की एक प्रति ले* आएं।

*ये दस्तावेज़ प्रशासनिक प्रक्रियाओं, आपके अधिकारों के प्रयोग, सहायता के अनुरोध के लिए ज़रूरी होंगे... यह ज़रूरी है कि वे आपकी पहुँच में हों।*



# V.



# निष्कर्ष

अपने परिवार की इच्छा के विरुद्ध जाकर अपने जीवन का नियंत्रण अपने हाथ में लेना शायद हम सबके लिए एक बहुत ही दर्दनाक और कठिन फ़ैसला होता है। इसके लिए बहुत साहस की ज़रूरत होती है। लेकिन आप अकेले नहीं हैं और हर क़दम पर आपको ज़रूरी सहयोग मिलेगा!

## अकेले न रहें, सहायता उपलब्ध है!

# संदर्भ-ग्रंथ सूची


- Amnesty Jeunes, Définition du consentement, la notion de consentement, 2020.
- Fondation Roi Baudouin, *Temps des vacances : temps de mariage ?* Bruxelles, 2008.
- GAMS Belgique, *Mariage forcé et asile – Fiche spécifique 2*, GBV & Asylum – Learn & act, Bruxelles, 2019.
- Maison Plurielle ASBL, COLLOQUE INTERNATIONAL SUR LES MARIAGES FORCÉS ET VIOLENCES LIÉES À L'HONNEUR. *Réalités et contraintes de terrain : ambivalence et danger de la médiation familiale*, Charleroi, 2017.
- Maison Plurielle ASBL, *Mariage forcé et violences liées à l'honneur : quel accompagnement ?* Charleroi, 2019.
- Maison Plurielle ASBL, *Projet Pédagogique de sensibilisation sur le Mariage Forcé*, Charleroi, 2020.

- Ministère de la Communauté française, *Mariage choisi, mariage subi : quels enjeux pour les jeunes ?* Faits & Gestes n°15, 2004.
- Forced Marriage Unit, *Multi agency-practice guidelines : Handling cases of Forced Marriage*, United-Kingdom, 2014.
- Institut pour l'égalité des Femmes et des Hommes, *Définitions du mariage de complaisance, mariage forcé, mariage précoce, mariage gris en mariage arrangé*, Bruxelles, sans date.
- Institut pour l'égalité des Femmes et des Hommes, *Mariage forcé ? Guide à l'usage des profesionnelle.le.s*, Bruxelles, 2015.
- UNICEF, *Ending Child Marriage : Progress and Prospects*, 2014.

# टिप्पणियाँ

# टिप्पणियाँ

# टिप्पणियाँ

# टिप्पणियाँ

# टिप्पणियाँ

यह पुस्तिका महिलाओं के प्रति हिंसा समाप्त करने के ब्रसेल्स प्रोग्राम, "***हिंसा रोकें***" के हिस्से के तौर पर समान अवसर के लिए राज्य के सचिव, नवल बेन हामु, की पहल है।

**प्रधान संपादक:**
Rochdi Khabazi
प्रबंध निदेशक
Bruxelles Pouvoirs locaux
Place Saint-Lazare 2
1035 Bruxelles
www.pouvoirs-locaux.brussels

**ग्राफ़िक्स:**
www.trinome.be

FSC
www.fsc.org
MIX
Paper from responsible sources
FSC® C007370

इस सामग्री का प्रकाशन FSC मिश्रित काग़ज़ पर वनस्पति-आधारित स्याही का इस्तेमाल करके किया गया है।



आपके किशोरावस्था में आने के बाद से ही आपने अपने माता-पिता को आपकी शादी की योजना बनाते सुना है।

यह शादी उन्हें गर्व के भाव से भर देती है क्योंकि आप उनकी परंपराओं को आगे बढ़ाएंगी और अपने परिवार की इच्छाओं को पूरा करेंगी। वे इसे भविष्य में आपकी ख़ुशी और सुरक्षा की गारंटी समझते हैं। हालांकि, आपको लगता है कि आप अभी तैयार नहीं हैं, आप अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती हैं, अपने दोस्तों से मिलना चाहती हैं। आपने शादी या बच्चे करने के बारे में सोचा ही नहीं है। आप अपना फ़ैसला ख़ुद करना चाहती हैं।

आपको चिंता है कि माता-पिता का कहना न मानकर आप उन्हें निराश करेंगी...

क्या इंकार करने का मतलब है कि आप उन्हें खो देंगी और अकेली हो जाएंगी? आप अपने परिवार के प्रति वफ़ादारी कैसे निभाएंगी और अपने प्रति सच्ची कैसे रहेंगी? अगर आप "ना" कहेंगी, तो क्या होगा?

यह पुस्तिका चीज़ों को स्पष्टता के साथ देखने में, अपना रास्ता चुनने में आपकी सहायता करेगी और आप जान सकेंगी कि ऐसे लोग हैं जो आपकी सहायता कर सकते हैं, आपको सहयोग प्रदान कर सकते हैं और अपना फ़ैसला करने में आपका मार्गदर्शन कर सकते हैं।

BRUXELLES POUVOIRS LOCAUX
BRUSSEL PLAATSELIJKE BESTUREN
SERVICE PUBLIC RÉGIONAL DE BRUXELLES
GEWESTELIJKE OVERHEIDSDIENST BRUSSEL

Service public régional de Bruxelles
Bruxelles Pouvoirs locaux
Place Saint-Lazare 2
1035 Bruxelles
www.pouvoirs-locaux.brussels



क़ानूनी डिपॉज़िट : 2021/11.404/4/10